


सांध्य दैनिक 4PM

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 84 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, गुरुवार, 28 अप्रैल, 2022

मूल्य ₹ 3/-




जरूरी नहीं था कि क्रांति में अभिशप्त संघर्ष शामिल हो। यह बम और पिस्तौल का पंथ नहीं था।

-भगत सिंह


लखनऊ में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार... 7 | आजम खां ने प्रियंका गांधी के... 3 | गर्मी में बिजली व्यवस्था बेपटरी... 2


# सतीश मिश्रा मिले योगी से तो मायावती आ गयीं सफाई देने

## कहा, स्मारकों की बदहाली को लेकर सीएम से मिलने गया था प्रतिनिधिमंडल

**» बनी रहेंगी सक्रिय राजनीति में, प्रदेश की सत्ता में भाजपा की वापसी के लिए सपा को बताया जिम्मेदार**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। आज जैसे ही बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने सीएम आवास जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया। मामले को सियासी तूल पकड़ता देख बसपा प्रमुख मायावती ने खुद मोर्चा संभाला और आनन-फानन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई पेश की। उन्होंने कहा कि मेरा एक पत्र लेकर पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के पास गया था, जिसमें बसपा शासन में बनाए गए स्मारकों की बदहाली का मामला उठाया गया है। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में भाजपा की वापसी के लिए न केवल सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जिम्मेदार बताया बल्कि यह भी साफ कर दिया कि वे सक्रिय राजनीति में बनी रहेंगी।

मायावती ने कहा, प्रदेश में मुस्लिम और कमजोर वर्ग पर हो रहे अत्याचार के लिए सपा मुखिया कसूरवार हैं। वे अभी भी अफवाह फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। मैं बताना चाहती हूं कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यदि यूपी सहित पूरे देश में दलित, मुस्लिम, आदिवासी और सवर्ण गरीब बसपा से जुड़ जाएं तो बसपा प्रमुख को यूपी का सीएम और देश का पीएम बना सकते हैं। इनके वोट में बहुत ताकत है। उन्होंने कहा कि सपा के लोग मुझे राष्ट्रपति बनाने का सपना देख रहे हैं उसे भूल जाएं। ये ऐसा इसलिए चाहते हैं ताकि उनके लिए यूपी का सीएम बनने का रास्ता साफ हो जाए जो संभव नहीं है। यूपी के मुस्लिमों और यादवों ने अपना वोट देकर देख लिया है। कई पार्टियों से गठबंधन करके भी देख लिया फिर भी सपा सरकार नहीं बना पाई इसलिए अब फिर से ये लोग बसपा की सरकार बनाएंगे। अब सपा कभी सत्ता में आने वाली नहीं है और अखिलेश यादव खुद विदेश भागने की फिराक में हैं। गौरतलब है कि बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि विधान सभा चुनाव में भाजपा ने बसपा का वोट लिया है। अब मायावती को भाजपा क्या राष्ट्रपति बनाएगी? वहीं बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा के साथ सीएम योगी से मिलने गए विधायक उमाशंकर सिंह ने बताया कि बसपा शासन काल में बने स्मारकों के रखरखाव में भारी हीलाहवाली की विस्तृत सर्वे रिपोर्ट सीएम योगी को दी है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### राष्ट्रपति नहीं, बनना है सीएम और पीएम

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि मैं फिर से यूपी की सीएम और देश का पीएम बनने का सपना देख सकती हूं। देश का राष्ट्रपति बनने का सपना नहीं देख सकती क्योंकि मैं ऐश और आराम की जिंदगी नहीं चाहती। मैंने अपनी जिंदगी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और कांशीराम के रास्ते पर चलकर दबे-कुचले लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए समर्पित की है। यह इनको मालूम होना चाहिए। यह भी सब जानते हैं कि यह काम मैं देश का राष्ट्रपति बनकर नहीं बल्कि यूपी की सीएम और देश का पीएम बनकर कर सकती हूं।

### बिजली कटौती को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

बसपा प्रमुख मायावती ने बिजली किल्लत को लेकर भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में बिजली कटौती हो रही है यह ठीक नहीं है। प्रदेश सरकार को इस बारे में जरूरी व्यवस्था करनी चाहिए।

### महंगे पेट्रोल-डीजल पर मोदी की नसीहत पर भड़के राहुल, कहा

# अपनी जिम्मेदारी से बच रहे पीएम

**» कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर लगाया सहयोग न करने का आरोप**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की ऊंची कीमतों को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की राज्यों को दी गयी नसीहत पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार हर चीज के लिए सिर्फ राज्यों को जिम्मेदार ठहराते हुए अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश करती है।

राहुल ने ट्वीट किया, ईंधन की ऊंची कीमतों के लिए राज्य दोषी, कोयले की कमी के लिए राज्य दोषी और ऑक्सीजन की कमी के लिए भी राज्य दोषी। सभी ईंधन करों का 68 फीसदी तो केंद्र सरकार द्वारा लिया जाता है। फिर भी, देश के प्रधानमंत्री अपनी जिम्मेदारी से बचते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का संघवाद सहयोगी नहीं है, यह पूरी तरह से जबरदस्ती है। गौरतलब है कि बुधवार को प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में रियायत देने की नसीहत दी थी। पीएम ने कहा था कि पिछले साल राज्य सरकारों से वैट कम करने का आग्रह किया था लेकिन महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, केरल, झारखंड और तमिलनाडु ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

# सीएम ने छात्रों को दी टैबलेट-स्मार्टफोन की सौगात, बोले हर युवा को बनाएंगे 'स्मार्ट'

**» डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क





फोटोः सुमित कुमार

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छात्रों को टैबलेट-स्मार्टफोन का वितरण करने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रदेश के हर युवा को स्मार्ट बनाएंगे। कोविड के कारण चीन में लगे लॉकडाउन और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण चिप मिलने में दिक्कत है, लेकिन फेज वाइज सभी युवकों को टैबलेट-स्मार्टफोन दिया जाएगा। एक करोड़ युवाओं को टैबलेट-स्मार्टफोन दिया जाएगा। अभी तक लखनऊ में ही एक लाख से अधिक युवाओं को इसका वितरण किया जा चुका है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर किसी में कोई न कोई प्रतिभा होती है। जरूरत दृढ़ इच्छा शक्ति की है। हर युवा में भी कोई न कोई खूबी है। उसका सही प्रयोग करें। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से कहा कि प्रदेश के आईटी और औद्योगिक विभाग से मिलकर छात्रों को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराएं। इसके माध्यम से छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकेंगे। प्रदेश सरकार आपके विकास में हर कदम में सहयोगी रहेगी। कार्यक्रम में मंत्री दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग नरेंद्र कश्यप और कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में बिजली व्यवस्था बेपटरी होने से पहले सुधार लें हालात : एके शर्मा

## » स्थिति में सुधार के लिए जुट जाएं सभी अधिकारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली व्यवस्था बेपटरी हो, इससे पहले ही स्थिति में सुधार के लिए सभी अधिकारी जुट जाएं। प्रदेश में भीषण गर्मी के प्रकोप के कारण बिजली की मांग बढ़ रही है। लोगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए मेंटिनेंस कार्यों में तेजी लाएं। सभी फीडरों, सब स्टेशनों व ट्रांसफार्मर्स के लोड बैलेंसिंग की नियमित मानीटरिंग की जाए, ओवरलोड की स्थिति में समय पर सुधार किया जाएं।



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम व केस्को कानपुर से जुड़े जिलों की विद्युत व्यवस्था की वर्चुअल समीक्षा करते हुए प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल डिस्काम अरविंद मालप्पा बंगारी, केस्को के प्रबंध निदेशक अनिल ढींगरा, निदेशक, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंताओं को अपने क्षेत्रों में तय शिड्यूल के अनुसार विद्युत की निर्बाध आपूर्ति करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी अधिकारी विद्युत व्यवस्था की मानिटरिंग के लिए अपने क्षेत्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन करके लोगों की समस्याओं का समाधान कराएं। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपना सीयूजी नंबर चालू रखें, शिकायतकर्ता की काल को गंभीरता से लें। अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने व उनके सुझाओं पर अमल कराएं। ऊर्जा मंत्री ने कम बिलिंग व राजस्व वसूली की कमी पर सभी अधीक्षण अभियंताओं को फटकार लगाई और एक सप्ताह के अंदर बिलिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। शत-प्रतिशत मीटर रीडिंग व आनलाइन बिलिंग पर जोर दिया। उपभोक्ताओं को बिजली का बिल हर माह देने व वसूली करने का निर्देश दिया। ऊर्जा मंत्री ने इस माह के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले कृषि उत्पादन आयुक्त व अपर मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक सिन्हा को शक्ति भवन में बुके देकर सम्मानित किया।

### बिजली के झूलते तार किसी आपदा से कम नहीं

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जर्जर तारों व पोल के साथ खराब ट्रांसफार्मर को योजनाबद्ध तरीके से हटाएं। कहा कि बिजली के झूलते/लटकते तार किसी आपदा से कम नहीं है, जिसको शीघ्र ठीक किया जाए, जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सभी उपभोक्ताओं व उद्योगों को सुलभ हो। अनमीटर्ड उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगाएं। बड़े बकायेदारों से बिजली बिल वसूलने के लिए कठोर कार्रवाई की जाए।

# जलशक्ति से जुड़े विभागों में प्लास्टिक पर लगा बैन

## » स्वतंत्र देव सिंह ने कहा, आदेश नहीं मानने पर होगी कड़ी कार्रवाई



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जलशक्ति मंत्रालय और उनसे जुड़े विभागों में अब प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित होगी। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आज से विभाग के कार्यक्रमों, बैठकों और कार्यालयों में प्लास्टिक के ग्लास, प्लास्टिक की बोतल, पालीथीन और प्लास्टिक प्लेट जैसी सामग्री का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसकी जगह कुल्हड़, पत्तल और कागज की प्लेटों का उपयोग किया जाए।

जल निगम मुख्यालय में लघु सिंचाई की योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विभाग में प्लास्टिक का उपयोग पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। किसी भी दिन उनकी ओर से दफ्तरों का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। मंत्री के निर्देश के बाद प्रदेश में जलशक्ति मंत्रालय के नमामि गंगे, ग्रामीण जलापूर्ति, भूगर्भ जल, लघु सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास विभाग और सिंचाई विभागों के कार्यालयों, बैठकों और आयोजनों में प्लास्टिक पूरी तरह से बैन हो गई है। यहां प्लास्टिक का उपयोग पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने लघु सिंचाई विभाग की ओर से तालाबों के जीर्णोद्धार योजना की तारीफ की और तालाबों को माडल बनाकर उनका नाम अमृत सरोवर रखने को कहा।

# प्राथमिकता से करें शिकायतों का निस्तारण: योगेंद्र उपाध्याय

## » मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का किया निरीक्षण

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने गोमतीनगर स्थित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां सुचारू रूप से चल रही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 द्वारा प्रदेश के विभागवार समस्याओं और उनके निवारण के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही साथ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन कार्यालय में कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने हेतु प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत भी किया और कहा कि जनता की सेवा सबसे पहला धर्म है।







इसलिए यदि कोई समस्या आती है तो उसका प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौजूद लोगों ने मंत्रीजी को बताया कि हेल्पलाइन में एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार दिया गया। इसके अलावा दिव्यांग और शारीरिक रूप से असक्षम कर्मचारियों को जो यहां वर्षों से निरंतर कार्य कर रहे हैं, उनको उन्हीं के कार्यस्थल पर जाकर प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर ध्रुव कुमार मिश्रा, सुरभि पाण्डेय, राजवीर सिंह, सैय्यद अहमद, महताब एवं समस्त हेल्पलाइन कर्मचारियों ने मंत्रीजी का हार्दिक अभिनंदन किया। इस दौरान संचालन नोडल एजेंसी यूपी डिस्को से नितिन माथुर एवं शारदा प्रसाद वर्मा मौजूद रहे।

# भाजपा को जल्द मिलेंगे तीन और एमएलसी

## » एक ही पार्टी को दोनों सदन में बहुमत मिलने के आसार


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति के इतिहास में करीब चालीस वर्ष बाद एक ही पार्टी को विधान मंडल के दोनों सदन में बड़ा बहुमत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी उच्च सदन यानी विधान परिषद में और मजबूत होगी। यूपी चुनाव के बाद विधान परिषद के चुनाव में प्रचंड बहुमत पाने वाली भारतीय जनता पार्टी को जल्दी ही तीन और विधान परिषद सदस्य मिलेंगे। उत्तर प्रदेश विधान मंडल के विधान परिषद में समाजवादी पार्टी अब और कमजोर होगी। सपा के तीन मनोनीत विधान परिषद सदस्यों बलवंत सिंह रामूवालिया, जाहिद हसन वसीम बरेलवी और मधुकर जेटली का कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है।

माना जा रहा है कि विधान परिषद में मनोनीत कोटे की तीन एमएलसी का कार्यकाल आज समाप्त होने के बाद भाजपा सरकार की ओर से जल्द तीन नए सदस्य मनोनीत करने की संस्तुति होगी। भारतीय जनता पार्टी का उत्तर प्रदेश विधान परिषद में स्पष्ट बहुमत है। अब भाजपा और मजबूत होती जा रही है। विधानसभा के साथ ही अब विधान परिषद में भाजपा अपने संख्या बल पर कानून पारित करा सकती है। उसको दोनों ही सदनों में किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा में सहयोगी दल के साथ 125 सदस्यों वाली समाजवादी पार्टी के अब विधान परिषद में सिर्फ 14 सदस्य ही रहेंगे।

## बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी



# प्रदेश में मिलेगा इको टूरिज्म को बढ़ावा

## » शीघ्र गठित होगा इको-पर्यटन विकास बोर्ड

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के अभियान में लगी योगी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में भी इसको जारी रखेगी। अब इस अभियान को और बेहतर ढंग से चलाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ ही इको-पर्यटन विकास बोर्ड गठित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंत्रियों की संयुक्त बैठक के बाद इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके तहत सैलानियों के लिए अयोध्या से वाराणसी तक आरामदेह बसें चलायी जाएंगी।



आयुष के तहत सभी पर्यटकों को पर्यटन विभाग के होटलों में पंचकर्म तथा वेलनेस की सुविधा सुलभ कराई जाएगी। प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में वन, आयुष एवं परिवहन विभाग के मंत्रियों के साथ संयुक्त बैठक करके पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ रोजगार व राजस्व अर्जित करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। पर्यटन मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सारी परिस्थितियां व संसाधन मौजूद हैं। आयुष विभाग द्वारा पर्यटन विभाग के होटलों में पैकेज के तहत हेल्थ, वेलनेस की सुविधा दी जाएगी, इसके तहत पंचकर्म आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी। पायलट योजना के तहत सबसे पहले इसे लखनऊ में लागू किए जाने पर विचार किया गया।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि सूबे को पर्यटकों की पहली पसंद बनाने के लिए सारे उपाय किये जाएं। पहले कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी। अब वातावरण पर्यटक फ्रेंडली बना है। इसको देखते हुए दुनियाभर के पर्यटक प्रदेश में आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बोर्ड के माध्यम से इको टूरिज्म स्थलों पर अवस्थापना सुविधाओं का विकास और बेहतर प्रबंधन किया जाएगा। आयुष और वन विभाग के साथ ट्रैकिंग, वेलनेस सेंटर के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास के साथ ही पर्यटकों को सेवाएं व सुविधाएं प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मीरजापुर, सोनभद्र, चंदौली, दुधवा व कतरनियाघाट में इको टूरिज्म की व्यापक संभावनाएं हैं।

# आजम खां ने प्रियंका गांधी के करीबी को खिलाया खजूर, सपा में खलबली

» सीतापुर जेल में बंद सपा विधायक आजम अखिलेश से हैं नाराज

» शिवपाल की तरह ही आजम भी अखिलेश से बना सकते हैं दूरी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। बीते 26 महीनों से सीतापुर जेल में बंद सपा विधायक आजम खां इन दिनों उत्तर प्रदेश की सियासत के केंद्र में हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से नाराजगी की भनक लगते ही कई दल आजम खां पर डोरे डाल रहे हैं। इन सबके बीच आजम जहां जेल में अन्य पार्टी के नेताओं से मिल रहे हैं वहीं कांग्रेसियों व प्रियंका गांधी के करीबियों को खजूर और पानी पिला रहे हैं तो वहीं सपा के एक प्रतिनिधिमंडल को उन्होंने बिना मिले ही लौटा दिया।

आजम के इस रवैये से समाजवादी पार्टी के खेमे में खलबली मच गई। जानकारी के अनुसार अखिलेश से नाराजगी के बीच कई प्रमुख पार्टियों में आजम खां को अपने पाले में लेने की होड़ सी मच गई है। रामपुर में आजम खां की पत्नी तथा बेटों से राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी के भेंट की तो प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने आजम खां से सीतापुर जेल में जाकर करीब डेढ़ घंटे तक मुलाकात की। इसके बाद समाजवादी पार्टी के विधायक पूर्व मंत्री भी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ सीतापुर जेल पहुंचे लेकिन आजम खां ने इनके भेंट करने से इन्कार कर दिया। बता दें कि शिवपाल यादव के बाद अब अखिलेश यादव को आजम खां के समर्थकों की नाराजगी का भी सामना करना पड़ रहा है। सीतापुर जेल में बंद आजम खां के करीबी और मीडिया सलाहकार फसाहत अली ने अखिलेश यादव पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आजम खां के लिए न तो संसद में और न ही विधान सभा में आवाज उठाई। इस बयान के बाद कहा जा रहा है कि शिवपाल की तरह ही आजम खान भी अखिलेश यादव से दूरी बना सकते हैं। यह चर्चा तब गर्म हुई जब रामपुर में पार्टी की बैठक में फसाहत अली ने कहा कि चुनाव के दौरान सीएम योगी ने ठीक कहा था कि अखिलेश यादव नहीं चाहते कि आजम खां जेल से बाहर आएं। आजम के कहने पर रामपुर ही नहीं आस-पास की कई सीटों पर मुसलमानों ने सपा को वोट दिया लेकिन हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुसलमानों का पक्ष नहीं लिया। आजम के लिए आवाज भी नहीं उठाई। आजम दो साल से जेल में बंद हैं लेकिन अखिलेश यादव एक बार ही उनसे मिलने गए। उन्हें विपक्ष का नेता भी नहीं बनाया गया। आजम खान मौजूदा समय में रामपुर से विधायक है। अब सियासी गलियारों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि सपा के दिग्गज नेता आजम खान का खेमा पार्टी से नाराज है।

## आजम संग ज्यादती हुई है : प्रमोद कृष्णम



कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद प्रमोद कृष्णम आजम खां से मुलाकात करने सीतापुर पहुंचे। उन्होंने 29 मिनट तक आजम खान से बातचीत की। इस दौरान आजम खान ने जेल में ही उन्हें खजूर और पानी दिया तो कांग्रेस नेता ने उन्हें गीता भेंट की। जेल से निकलने के बाद कांग्रेस नेता ने कहा कि आजम खां की सेहत ठीक नहीं है, उन पर जुल्म और ज्यादती हुई है। वह देश के बड़े नेता है। उनके साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। प्रमोद कृष्णम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को व्यक्तिगत तौर पर इस मामले में संवेदनशील तरीके के व्यवहार की अपेक्षा की है।

## अब बरेलवी मौलाना ने योगी-मुलायम को लिखी चिट्ठी

अखिलेश से आजम की नाराजगी की खबरों के सामने आने के बाद से उन्हें लेकर यूपी में सियासत का दौर लगातार जारी है। अब सुन्नी बरेलवी मुसलमानों का मरकज कह जाने वाले बरेली शहर से जेल में बंद आजम खान की रिहाई की अपील हो रही है। तंजीम उलेमा-ए- इस्लाम के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी ने मुख्यमंत्री योगी और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को इस बारे में चिट्ठी लिखी है। बरेलवी मौलाना ने मुलायम सिंह यादव को भेजी चिट्ठी में कहा है कि आजम खान आपके पुराने साथी हैं और उन्होंने समाजवादी को बुलंदियों पर खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई है। इस वक्त वह अपने बुरे हालातों से गुजर रहे हैं, इसलिए प्रधानमंत्री से गुजारिश कर आजम खान की रिहाई के लिए कदम उठाए।

# लोक सभा चुनाव से पहले संगठन को दुरुस्त करने में जुटी भाजपा, कार्यकर्ताओं को कर रही प्रशिक्षित

» चलाया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक मई तक सभी जिलों में प्रशिक्षण पूरा करने का लक्ष्य

» भ्रष्टाचार, सीमा सुरक्षा और माफियाओं के मुद्दे पर कार्यकर्ताओं से मुखर होने को कहा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। विधान सभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटी भाजपा अब लोक सभा की तैयारियों में जुट गयी है। भाजपा नेतृत्व का ध्यान संगठन को मजबूती देने पर है। संगठन को आर्थिक मजबूती देने के लिए माइक्रो डोनेशन अभियान चला रही भाजपा ने अब कार्यकर्ताओं को पार्टी के मानक पर खरा उतरने के लिए प्रशिक्षण दे रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ की कर्मभूमि गोरखपुर समेत कई जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो चुका है। एक मई तक सभी जिलों में प्रशिक्षण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए वक्ताओं का निर्धारण भी पार्टी की ओर से कर लिया गया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं। भाजपा नेता युधिष्ठिर सिंह ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग लगाकर प्रशिक्षित करती है। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व का विकास किया जाता है, साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध भी कराया जाता है। आजमगढ़, गोरखपुर, देवरिया, सिद्धार्थनगर व लालगंज में कार्यक्रम संपन्न हो चुका है जबकि संतकबीर नगर में 28-30 और कुशीनगर, बस्ती, बलिया, मऊ में 29 अप्रैल से एक मई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसी कड़ी में प्रयागराज में गंगापार इलाके में छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज सहसों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मछली शहर सांसद वीपी सरोज ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रियता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच में रहें और उनके सुख-दुख को समझें। इस दौरान सांसद ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे भू माफिया, भ्रष्टाचार, सेना सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मुखर रहें। वहीं भाजपा यमुनापार इकाई के लिए भी प्रशिक्षण शिविर जेपीएस महाविद्यालय गौहनियां में शुरू हुआ। इसका शुभारंभ प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी व जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती, जिला प्रशिक्षण प्रमुख त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने किया।

## इन्हें बनाया गया संयोजक

क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय को संयोजक बनाया गया है। क्षेत्रीय मंत्री बजरंगी सिंह बज्जू और पंकज सिंह को प्रशिक्षण का सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। जिले स्तर पर भी संयोजक बनाया गया है। प्रशिक्षण के लिए स्थान निर्धारित हो चुके हैं।

## केंद्र और राज्य की योजनाओं पर फोकस

भाजपा नेतृत्व लोक सभा चुनाव से पहले प्रदेश में अपने संकल्प पत्र के कई वादों को पूरा करने की तैयारी कर रही है। योगी सरकार भी सौ दिन का एजेंडा सेट कर चुकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं से लोगों तक केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने की भी तैयारी की जा रही है।



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# लौट रही महामारी सतर्कता जरूरी

**“ चीन और यूरोपीय देशों के बाद अब भारत में भी कोरोना महामारी लौटने लगी है। पिछले आठ दिनों से लगातार बढ़ रहे संक्रमण ने केंद्र और राज्य सरकारों को चिंतित कर दिया है। दिल्ली समेत कई राज्यों में संक्रमण दर में तेजी से इजाफा हुआ है। रोजाना ढाई से तीन हजार केस दर्ज किए जा रहे हैं। मौतों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गयी है। इन हालातों को देखते हुए विशेषज्ञ अब चौथी लहर की आशंका जताने लगे हैं।**

*चीन और यूरोपीय देशों के बाद अब भारत में भी कोरोना महामारी लौटने लगी है। पिछले आठ दिनों से लगातार बढ़ रहे संक्रमण ने केंद्र और राज्य सरकारों को चिंतित कर दिया है। दिल्ली समेत कई राज्यों में संक्रमण दर में तेजी से इजाफा हुआ है। रोजाना ढाई से तीन हजार केस दर्ज किए जा रहे हैं। मौतों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गयी है। इन हालातों को देखते हुए विशेषज्ञ अब चौथी लहर की आशंका जताने लगे हैं। वहीं कई राज्यों में मास्क को अनिवार्य कर दिया गया है। सवाल यह है कि अचानक कोरोना संक्रमण क्यों बढ़ने लगा है? क्या देश में एक बार फिर पाबंदियों का दौर लौटेगा? क्या कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन करना लोगों पर भारी पड़ने लगा है? क्या विशेषज्ञों की हिदायतों के बाद भी जरूरी पाबंदियों को खत्म करना संक्रमण का बड़ा कारण बना है? क्या ओमिक्रॉन और एक्सई वैरिएंट चौथी लहर का कारण बनेगा? क्या देश की स्वास्थ्य सेवाएं एक और लहर से निपटने में सक्षम है? क्या संपूर्ण वैक्सीनेशन के बिना कोरोना से निपटा जा सकता है?*

*कोरोना रोज अपने नए रूप में सामने आ रहा है। देश में दूसरी लहर के लिए जिम्मेदार डेल्टा वैरिएंट के बाद ओमिक्रॉन ने कहर मचाया। इसके कारण तीसरी लहर आयी। कोरोना के कारण अब तक पांच लाख से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। अब ओमिक्रॉन और इसके सब वैरिएंट एक्सई ने संक्रमण फैलाना शुरू कर दिया है। एक्सई वैरिएंट ने चीन और यूरोपीय देशों को अपनी चपेट में ले रखा है। भारत के गुजरात और महाराष्ट्र में भी यह दस्तक दे चुका है। हालांकि अभी अधिकांश संक्रमण ओमिक्रॉन के ही मिल रहे हैं। यह वायरस तेजी से लोगों को संक्रमित करता है लेकिन अब यह भी घातक होता जा रहा है। मौतों की बढ़ती संख्या इसकी पुष्टि कर रहे हैं। सच यह है कि संक्रमण बढ़ने का बड़ा कारण सार्वजनिक स्थलों पर मास्क न लगाना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करना है। तमाम हिदायतों के बावजूद राज्य सरकारें इसे लेकर उदासीन रहीं। अब जब संक्रमण फैल रहा है तो फिर से कोरोना प्रोटोकॉल के पालन को अनिवार्य किया जा रहा है। वैक्सीनेशन में भी कई राज्यों में लापरवाही बरती जा रही है। तीसरी लहर के कम होते ही लोगों ने वैक्सीनेशन में रुचि दिखानी कम कर दी। अभी भी अभिभावक बच्चों को वैक्सीनेट कराने में लापरवाही बरत रहे हैं। जाहिर है यदि चौथी लहर को नियंत्रित करना है तो जनता और सरकार दोनों को इसे गंभीरता से लेना होगा अन्यथा स्थिति किसी भी समय बेकाबू हो जाएगी और यह देश की अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं दोनों के लिए खतरे की घंटी साबित होगी।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# नियम विरुद्ध कैद का हो समाधान

विराग गुप्ता

अपराधियों को कठोर दंड मिले, लेकिन बेगुनाह जेल में नहीं रहें यह निर्विवाद तौर पर भारत की संवैधानिक व्यवस्था है। संविधान के अनुच्छेद-21 में दिये गये जीवन के अधिकार की व्याख्या करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जज कृष्ण अय्यर ने 45 साल पहले एक अहम आदेश दिया था, सात साल से कम सजा के मामलों में जमानत नियम और गिरफ्तारी अपवाद होना चाहिए। अनुच्छेद-22 के तहत किसी व्यक्ति को अदालत के आदेश के बगैर 48 घंटे से ज्यादा पुलिस हिरासत में नहीं रखा जा सकता। सीआरपीसी कानून की धारा 167(2) के अनुसार जांच एजेंसी या पुलिस यदि दो या तीन महीने के भीतर आरोप पत्र दाखिल नहीं कर पाती है तो आरोपी को डिफॉल्ट बेल मिलने का हक है। इसके बावजूद जेलों में क्षमता से कई गुना ज्यादा कैदी हैं।

कैदियों को तीन श्रेणी में बांटा जा सकता है। पहला, ऐसे मुजरिम, जिनकी सजा फाइनल हो गयी है। दूसरा, ऐसे अभियुक्त, जिनके मुकदमे का ट्रायल चल रहा है या अपील लंबित है। तीसरा, जिनकी एफआईआर के बाद गिरफ्तारी हो गयी लेकिन जांच पूरी नहीं होने से आरोपपत्र दाखिल नहीं हुआ। विधि आयोग, केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और मानवाधिकार संगठनों ने जेलों की दुर्दशा को सुधारने के लिए कई रिपोर्ट दी लेकिन सिस्टम नहीं सुधरा। इसके लिए पुलिस और अदालतें दोनों जिम्मेदार हैं। गिरफ्तारी के बारे में दो तरह की कानूनी व्यवस्था है। पहला, संज्ञेय और गैरजमानती अपराध जैसे हत्या, लूट, बलात्कार और ड्रग्स आदि के मामलों में मजिस्ट्रेट के वारंट के बगैर ही आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता है। दूसरे असंज्ञेय और जमानती किस्म के हल्के आपराधिक मामले। इनमें मजिस्ट्रेट के आदेश के बगैर गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए। यदि गिरफ्तारी जरूरी हो भी, तो थाने या अदालत से ही तुरंत जमानत मिलने और रिहाई के लिए कानूनी प्रावधान हैं। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, तीन साल से कम सजा के मामलों में बेवजह गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए। 1994 में जोगिंदर कुमार के फैसले में, सुप्रीम कोर्ट के जज वेंकटचलैया ने बेवजह की गिरफ्तारियों को रोकने के लिए जरूरी आदेश पारित किये थे। इनके अनुसार, शातिर अपराधी, जो नये अपराध करने के साथ गवाह और सबूत मिटा सकते हैं, उन मामलों में ही जमानत देने से इनकार होना चाहिए। गृह मंत्रालय की संसदीय समिति की लोकसभा में पेश 230वीं रिपोर्ट के अनुसार, गलत एफआईआर या कानून के दुरुपयोग के मामलों में दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सिविल मामलों में निचली अदालत, जिला अदालत और हाइकोर्ट का क्षेत्राधिकार निर्धारित होता है। लेकिन, क्रिमिनल मामलों में जिला अदालतों को आजीवन कारावास से लेकर फांसी देने तक का असीमित अधिकार है।



जज आरोपियों को जमानत देने में अपने संवैधानिक उत्तरदायित्व के निर्वहन से बचने की कोशिश करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में साफ किया है कि जेल भेजने के मामलों में मजिस्ट्रेट और जजों को विस्तृत और कानून सम्मत आदेश पारित करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने जमानत देने के लिए नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। सीआरपीसी की धारा 439 के तहत गंभीर और संगीन अपराधों में अपराधियों को नियमित जमानतें देना ठीक नहीं है। लखीमपुर में किसानों को कार से कुचल कर मारने के मामले में केंद्रीय मंत्री के पुत्र की जमानत को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लोगों को लंबे समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता।

आरोपियों को जमानत मिले या नहीं मिले, इसके बारे में हर तरह के आदेश उपलब्ध हैं। सरकारों ने इनका संकलन नहीं कराया। जटिल और विरोधाभासी नियमों को पुलिस, वकील और जज जमानत देने या नहीं देने के लिए मनमाफिक तरीके से इस्तेमाल करते हैं। जेलों में बंद अधिकांश लोग गरीब, अशिक्षित, आदिवासी और वंचित वर्ग से हैं। इन लोगों के मामले में पुलिस एफआईआर में दर्ज आरोपों को ही अपराध मान लिया जाता है। उन्हें वकील नहीं मिलते। कई बार जमानत हो भी जाये तो गरीबों के पास जमानत की प्रक्रिया पूरा करने के लिए जमानतदार और बांड आदि की व्यवस्था नहीं हो पाती। इसकी एक मिसाल कोरोना काल में देखने को मिली। लॉकडाउन के उल्लंघन और मास्क नहीं पहनने के लिए धारा 188 के तहत एफआईआर दर्ज करना सरासर गलत है। इसके बावजूद लाखों लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पुलिस एफआईआर से परेशान लोगों को अदालत से जल्द जमानत मिले तभी अमृत काल में सही अर्थों में गण और तंत्र दोनों का सशक्तीकरण होगा।

# सफर महंगा होने से ढीली हुई आम आदमी की जेब

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ।** महंगाई के चलते सफर महंगा हो गया है। बस का किराया बढ़ गया है। ऐसे में सफर करने से पहले सोचना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि किराए पर लगाम लगाएं तो ही दैनिक यात्रा आम आदमी कर सकता है। बस में सफर कर रहे लोगों ने 4पीएम के संवाददाता क्षितिज कान्त से साझा किया अपना दर्द।


गुड्डू


सिद्धांत त्रिपाठी


सतीश कुमार सिंह


सुशील कुमार राजभर


सईद उर रहमान अंसारी


संजय मिश्रा

गुड्डू कहते हैं कि महंगाई से काफी फर्क पड़ रहा है। आम आदमी परेशान है। सरकार महंगाई बढ़ाती जा रही है। मैं मिस्त्री हूं। जैसे-तैसे पेट पाल रहा हूं। महंगाई के कारण काम-धंधा मंदा चल रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। लोगों को काम-धंधा नहीं मिल रहा है। रही-सही कसर महंगाई ने निकाल ली है और सरकार को आम आदमी की कोई फ्रिक ही नहीं है।

सिद्धांत त्रिपाठी बताते हैं कि बस में सफर करना महंगा हो गया है। लखनऊ से कानपुर जाने के किराए में दस रुपए की वृद्धि हो गयी है। मैं रोजाना कमाने और खाने वाला हूं। महंगाई के कारण परिवार की गाड़ी चलानी मुश्किल हो गयी है। सरकार आम आदमी के लिए भी सोचे। बस का किराया सस्ता होना चाहिए क्योंकि आम आदमी इतना महंगा किराया नहीं दे सकता है।

सतीश कुमार सिंह कहते हैं कि बस कंडक्टर हूं। लोग किराया बढ़ने से काफी नाराज है। सरकार को बस के अच्छे से मरम्मत कराना चाहिए जिससे संविदा कर्मचारी भी अच्छी तरह से काम कर पाए, अपनी रोजी-रोटी चला पाए। हमें एक रुपया प्रति किलोमीटर मिलता है। लगभग 17 साल काम करते हो गए लेकिन तनख्वाह आज तक 15 हजार नहीं हो पाई है। सरकार ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। बस का किराया बढ़ता है लेकिन हमारी तनख्वाह नहीं बढ़ती है। ऐसे में कब तक चलेगा। महंगाई में घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है।

सुशील कुमार बोले, मैं बस चालक हूं। जब से किराया बढ़ा है, कई सवारियां कंडक्टर से बहस करते हैं। इसके कारण हमें काफी परेशानी होती है। सवारियों को हम समझा भी नहीं सकते हैं। महंगाई ने हमारी कमर ही तोड़ दी है। आज तक हमारा वेतन नहीं बढ़ा लेकिन किराया में बढ़ोतरी होती रहती है। मेरी सरकार से मांग है कि हम सभी संविदा कर्मियों को परमानेंट कर दिया जाए।

सईद उर रहमान अंसारी कहते हैं कि आम आदमी की कमर तो पहले ही टूटी थी अब उसकी सांस भी उखड़ रही है। उसकी जेब में पैसा नहीं है। खाने को राशन नहीं है। मध्यम वर्ग के लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं। मैं जो दवा दो महीने पहले दो हजार की ले गया था वही दवा आज 4400 की मिली हैं। दवाएं इतनी महंगी हो चुकी है कि आम आदमी इलाज भी नहीं करा सकता। हर सामान का दाम बढ़ गया है। ऐसे में आम आदमी अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करे।

संजय मिश्रा कहते हैं कि दस दिन पहले किराया 97 रुपए था और आज 101 है। महंगाई के चलते बहुत फर्क पड़ रहा है। आम आदमी ही नहीं बस ड्राइवर और कंडक्टर के जिंदगी में भी काफी फर्क पड़ा है, जो पढ़े लिखे हैं वे समझ रहे है लेकिन जो अनपढ़ है वे समझ नहीं पा रहा है। छात्र काफी परेशान हैं। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। आम आदमी जैसे-तैसे काम चला रहा है।



# महीने भर में इन चीजों से दूर करें चेहरे की झुर्रियां

उम्र बढ़ने के साथ चेहरे पर एजिंग एक नेचुरल प्रक्रिया है, जिसे रोका नहीं जा सकता। लेकिन अगर आप अपनी स्किन केयर को बेहतर बनाएं और खान पान अच्छा रखें तो झुर्रियां और फाइन लाइन के प्रोसेस को धीमा किया जा सकता है। जी हां, दरअसल स्किन को पतला होना, फाइल लाइन्स आदि की समस्या इन दिनों अत्यधिक तनाव, डिप्रेशन, हार्मोनल असंतुलन, अत्यधिक मीठी चीजों को डाइट में शामिल करने, खराब तरीके के स्किन केयर करना आदि की वजह से भी होता है। ऐसे में अगर हम कुछ बातों का ध्यान रखें तो एजिंग के लक्षण को धीमा कर सकते हैं। यहां हम आपको बताते हैं कि आप अगर झुर्रियों को कंट्रोल करने की कोशिश में हैं तो आपको महंगे क्रीम या डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं, बल्कि किचन में झांकने से ही इसके कई आसान और उपयोगी उपाय निकल जाएंगे। यहां ऐसे ही कुछ टिप्स हम आपके लिए लाए हैं जिनको आप अपने ब्यूटी रूटीन में शामिल कर झुर्रियों से निजात पा सकते हैं।

## करें नारियल दूध का उपयोग

नारियल का दूध एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो झुर्रियों को दूर रखने में आपकी मदद कर सकता है। झुर्रियों की समस्या को दूर रखने के लिए आप नारियल के दूध की थोड़ी सी मात्रा लें और कॉटन की हेल्प से इसे अपने चेहरे पर लगा लें। इसे 10 मिनट तक चेहरे पर लगे रहने दें और फिर ठंडे पानी से इसे धो लें। ऐसा आप हफ्ते में तीन बार करें तो एक ही महीने में आपके चेहरे पर बदलाव दिखाई देने लगेगा।



## शहद है फायदेमंद


शहद एक मॉइश्चचराइजर की तरह भी काम करता है और स्किन के टेक्सचर में लचीलापन बनाए रखने का काम



करता है। इसके उपयोग के लिए आप एक चम्मच शहद लें और इसे उंगलियों या कॉटन की मदद से चेहरे गर्दन आदि जगहों पर लगा लें। यह ना केवल झुर्रियों को दूर रखता है बल्कि इसके एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण आपकी स्किन भी हेल्दी भी बनाती है। इसे 10 मिनट के लिए ऐसे ही लगा रहने दें और ठंडे पानी से धो लें

## केले का इस तरह करें उपयोग

केला में भी एंटी-एजिंग तत्व, विटामिन ए और बी पाया जाता है जिसे आप आसानी से अपनी ब्यूटी रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। इसके लिए आप एक पके केले को मैश कर लें और इसमें एक चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच शहद मिलाएं। अब इसमें एक चम्मच दही मिला लें। फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट बाद इसे धो लें। आपके चेहरे की झुर्रियां कुछ ही उपयोग के बाद कम होती दिखेंगी।



## आलू देता है पोषण

आलू में विटामिन सी के अलावा कोलेजन प्रोटीन को पुनः उत्पन्न करने में हेल्प करता है। त्वचा की लोच बनाए रखने और फाइन लाइन्स को दूर करने में ये काफी मदद करता है। इसके उपयोग के लिए आप आधा आलू लें और कद्दूकस करके उसका जूस निकाल लें। फिर इसे कॉटन की हेल्प से धीरे-धीरे अपने चेहरे पर लगा लें। इसे आप हर सप्ताह करें तो 1 महीने में ही बदलाव महसूस होगा।



## हंसना मना है



टीटू: बचपन से ही शौक था अच्छा इंसान बनने का। शौंटी: फिर क्या हुआ, बन गए? टीटू: अरे कहां, बचपन खत्म... शौक खत्म।

रामू लाइब्रेरी जाकर पूछता है कि आत्महत्या करने के तरीकों की किताब है क्या? लाइब्रेरियन ने उसे घूर कर देखा और पूछा-वापस करने कौन आएगा भाई...!

एक फिल्म अभिनेता पत्नी को अपनी फिल्म दिखाने ले गया। पत्नी ने जब देखा कि उसका पति हीरोइन के साथ बड़े जोर-शोर से रोमांस कर रहा है तो उससे रहा नहीं गया। पत्नी बोली: तुम मुझे तो कभी इस तरह प्यार नहीं करते, इसे क्यों कर रहे हो? अभिनेता बोला: इसे प्यार करने के मुझे पचास लाख मिले हैं।

गुरुः कितनी बुरी बात है कि तुम मार खाकर भी मुस्कुरा रहे हो... शिष्य: गुरु जी आप ही ने तो कहा था कि मुसीबत का समय हंसकर टालना चाहिए।

किराएदार: आपका मकान है या कबाड़खाना, हर समय चूहे इधर-उधर दौड़ते रहते हैं। मकान मालिक: तो क्या आप इतने कम किराए में घुड़दौड़ देखना चाहते हैं।

## कहानी | तेली और कसाई

एक बार की बात है, बादशाह अकबर दरबार में बैठे हुए थे। उसी समय एक तेली और कसाई आपस में लड़ते-लड़ते आए। बीरबल ने पूछा तुम दोनों में से कौन शिकायत लेकर आया है? तेली ने कहा मैं वादी हूं। तभी कसाई ने कहा मैं प्रतिवादी हूं। बीरबल ने उन दोनों की लड़ाई की वजह पूछी तो तेली बोला गरीबपरवर! मैं अपनी दुकान पर बैठा हुआ हिसाब लिख रहा था कि तभी इस कसाई ने मेरे पास आकर तेल मांगा। मैंने अपना काम छोड़कर इसे तेल दे दिया और फिर अपना काम करने लगा। कुछ देर में मैं आंख उठाकर क्या देखता हूं कि पैसों की थैली गायब है। मुझे इस कसाई पर शक हुआ, इसलिए मैं उसी समय दौड़ता हुआ इसके पास गया और इसके हाथ में वह थैली देखी। लेकिन जब मैंने इससे थैली मांगी तो इसने देने से इंकार कर दिया और कहा कि यह तो इसकी है। मैं बिल्कुल सच-सच कह रहा हूं अगर इसमें कुछ भी झूठ हो तो ऊपर वाला हाजिर है वह जानता है। अब आप खुद इंसाफ करके मेरी थैली मुझे दिलवा दीजिए। जब तेली इस तरह अपना हाल सुना चुका तब कसाई कहने लगा हुजूर!मैं अपनी दुकान पर बैठा बिक्री के पैसे गिन रहा था कि तभी यह तेली रोज की तरह तेल बेचने आया।इसकी दुकान व मेरे घर के बीच चार-पांच घर पड़ते हैं। जिस समय यह मेरे पास आया उस समय पैसों की थैली मेरे पास रखी हुई थी। इसके जाने के बाद मैंने देखा तो थैली नहीं मिली। मैंने दौड़कर इसे पकड़ लिया और अपनी थैली इससे छीन ली। मैंने अपनी सारी बात सच्ची-सच्ची कही है। इसमें कुछ हो तो खुदा की कसम है सरकार। हमारा आप ही इंसाफ कीजिए। बीरबल ने दोनों की बात सुनकर उन्हें अगले दिन आने का हुक्म दिया और पैसों की थैली अपने पास रहने दी। उनके चले जाने के बाद बीरबल ने उस थैली में से पैसे निकाल कर धुलवाए तो उनमें तेल का अंश बिल्कुल दिखाई न दिया बल्कि एक तरह की बदबू आई जिससे उसको विश्वास हो गया कि ये पैसे कसाई के हैं। अगले दिन ठीक समय पर कसाई और तेली दरबार में आ गए। बीरबल ने उन्हें अपना फैसला बता दिया तो तेली चीखने-पुकारने लगा, मगर जब बीरबल ने उसमें कोड़े लगाने का हुक्म दिया तो उसने अपना कुसूर मान लिया। बीरबल ने पैसों की थैली कसाई को दी और तेली को सही सजा देने का हुक्म दिया। बादशाह अकबर को जब बीरबल के इस इंसाफ का पता चला, तो वे बहुत खुश हुए।

**शिक्षा: सच्चाई की हमेशा जीत होती है। इसलिए व्यक्ति को सदैव सच्चाई की राह पर चलना चाहिए।**

## 11 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** स्वास्थ्य के सन्दर्भ में यदि कोई बीमारी पहले से चली आ रही है तो वह इस सप्ताह बढ़ सकती है। अतः पहले से ही सावधानी बरतें। धन के मामले में दिन सामान्य रहेगा।

**वृषभ** स्वास्थ्य के सन्दर्भ में यदि कोई बीमारी पहले से चली आ रही है तो वह इस सप्ताह बढ़ सकती है। अतः पहले से ही सावधानी बरतें। धन के मामले में दिन सामान्य रहेगा।

**मिथुन** आज आपका व्यवहार न्यायानुकूल रहेगा। प्रतिस्पर्धी एवं दोस्त के वेश में छिपे शत्रु अपने प्रयासों में असफल रहेंगे। सभी प्रकार के कष्टों का निवारण इस दिन हो सकता है।

**कर्क** यात्राएं अधिक हो सकती हैं। आपको अपने वरिष्ठों की सहायता के साथ आपको पुरस्कार भी प्राप्त हो सकतें हैं। आप अपने कार्यस्थल पर प्रशंसा के पात्र रहेंगे। जो आपकी संतुष्टि को बढ़ाएगा।

**सिंह** आज जीवनसाथी के सहयोग से आपका कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त हो सकता है।

**कन्या** आज आपकी सफलताओं के साथ ही लोगों की अपेक्षाएं भी आपसे बढती जाएंगी। व्यापार-धंधे में फायदा होगा एवं परिवार में सुख-शांति बढ़ेगी।

**तुला** आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और अच्छी प्रगति होगी। आपकी आमदनी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** आज आपके व्यापार में लाभ होने की संभावना है इस राशि के बच्चे अपने दोस्तों के साथ पार्क में खेलने जायेंगे। इस राशि की महिलाएं शॉपिंग के लिए जा सकती है।

**धनु** आज आपके सब कामों और विचारों में एकाग्रता और शांति रहेगी। अगर आप खुले दिमाग से सोचें तो आप पाएंगे कि मुश्किल से मुश्किल निर्णय भी आसानी से लिए जा सकते हैं।

**मकर** मां की सेहत को लेकर आपको चिंतित बनाए रखेगी। बच्चों का स्वास्थ्य भी चिंताजनक हो सकता है किन्तु भौतिक एवं आर्थिक समृद्धि के लिए आज का दिन आपके लिए बड़ा ही लाभदायक है।

**कुम्भ** आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त बने रहेंगे। कुछ लोग आपसे प्रभावित होंगे।

**मीन** आलस्य त्याग कर समय का सदुपयोग करेंगे। मनोरंजक साधनों में वृद्धि होगी। समस्याओं को हल करने के लिए समय निकालें तथा अपने लव पार्टनर के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार करें।

बॉलीवुड | मन की बात

# मैं चाहता हूं, मेरा परिवार दक्षिण का कपूर फैमिली बने: चिरंजीवी



मेगास्टार चिरंजीवी ने आचार्य का प्रचार करते हुए एक स्पेशल साक्षात्कार में खुलासा किया कि वह चाहते हैं कि उनके परिवार को दक्षिण के कपूर के रूप में जाना जाए। चिरंजीवी अपने भाई पवन कल्याण के साथ एक बातचीत को याद करते हैं, जिसमें उन्होंने अपने परिवार को दक्षिण के कपूर के रूप में जाने की इच्छा व्यक्त की थी। चिरंजीवी ने बताया, हिंदी सिनेमा में कपूर का क्रेज है। साउथ सिनेमा में मैं भी चाहता था कि हमारा परिवार भी ऐसा ही रहे। मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि ये बच्चे (पवन कल्याण से लेकर अल्लू अर्जुन और अन्य) कैसे बड़े हुए और कैसे सिनेमा में खुद का नाम बनाया। चिरंजीवी एक घटना को भी याद करते हैं, जब उन्होंने पहले उत्तर की यात्रा की थी, जहां उन्होंने अपमानित महसूस किया था। इंद्र अभिनेता ने बताया, इस तथ्य के बावजूद कि मैंने रुद्रवीना के लिए राष्ट्रीय एकता में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार जीता था, पुरस्कार समारोह में दक्षिण का बहुत कम जिक्र किया गया, जिसके लिए मैंने अपमानित महसूस किया। चिरंजीवी ने कहा, अब जब मैं क्षेत्रीय रेखाओं को धीरे-धीरे खत्म होते देखता हूं, तो मुझे खुशी होती है। चिरंजीवी ने अपने बेटे, राम चरण के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की और कहा, ऐसे अवसर अभिनेताओं के लिए बहुत बार नहीं आते हैं। मैं एक भाग्यशाली पिता हूं, जिसने एक अभिनेता के रूप में चरण की अविश्वसनीय लोकप्रियता देखी है। कोराताला शिव द्वारा अभिनीत, आचार्य 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# विवादों में फिर अमीषा पटेल

बॉलीवुड | मसाला

अमीषा पटेल एक बार फिर विवादों में आ गई हैं। अमीषा का ये मामला उनके एक इवेंट से जुड़ा हुआ है। जहां इवेंट ऑर्गेनाइजर ने एक्ट्रेस के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। वहीं अमीषा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपना पक्ष रखा, बताया क्यों अपनी जान का खतरा देख वो इवेंट बीच में छोड़कर आ गई थीं। अमीषा पटेल के खिलाफ सोशल वर्कर ने धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। जिसके अनुसार, अमीषा ने शो के लिए भारी भरकम फीस ली लेकिन इसके बदले उन्होंने बहुत थोड़ी सी परफॉर्मेंस दी। इसके बाद अमीषा ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर पूरी बात सामने रखी। अमीषा पटेल को 23 अप्रैल को मध्य प्रदेश के खंडवा में इवेंट अटेंड करना था, जहां उनकी परफॉर्मेंस थी। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद एक्ट्रेस ने ट्वीट कर अपनी जान को खतरा बताया।



## अमीषा ने अपनी सफाई में क्या कहा?

एक्ट्रेस ने ट्वीट में लिखा- मध्य प्रदेश के खंडवा शहर में 23 अप्रैल को Navchandi महोत्सव 2022 अटेंड किया था। स्टार फ्लैश एंटरटेनमेंट और मिस्टर अरविंद पांडे ने हमें बेहद बुरी तरह ऑर्गेनाइज किया। मुझे अपनी जान का खतरा दिखा लेकिन मैं लोकल पुलिस का धन्यवाद करना चाहूंगी जिन्होंने मेरा ध्यान रखा। अमीषा का स्टेटमेंट भी सामने आया जिसमें एक्ट्रेस ने बताया कि वो इवेंट में कभी भी परफॉर्म नहीं करने वाली थी। उन्हें सिर्फ अपीयरेंस देनी थी। वो वादा उन्होंने पूरा किया है। अमीषा ने बताया वहां उनके साथ बुरा व्यवहार किया गया जो उन्हें बर्दाश्त नहीं था। एक्ट्रेस ने पुलिस का उनकी मदद के लिए आभार जताया।

## क्या है अमीषा के विवाद का सच

इस विवाद पर मोघाट पुलिस थाने के इंचार्ज ईश्वर सिंह चौहान का बयान सामने आया है। टाइम्स नाउ से बातचीत में उन्होंने कहा- मैं उस दिन वहां मौजूद था। वहां लोगों की भारी भीड़ थी, किसी में डिसेंसी नहीं थी। एक्ट्रेस रात को 9।30 बजे स्टेज पर पहुंची थीं। ऑडियंस का अभिवादन किया। अमीषा को वहां 1 घंटे परफॉर्म करना था लेकिन बस 3 मिनट की परफॉर्मेंस के बाद वो इंदौर निकल गई थीं। अब मामले की सच्चाई क्या है वो बहुत जल्द पुलिस जांच में सामने आ ही जाएगा। वैसे ये पहली बार नहीं जब अमीषा लीगल केस मे फंसीं हो। 2019 में भी उनपर फ्रॉड का केस हो चुका है। वर्कफ्रंट पर अमीषा गदर 2 में एक बार फिर सनी देओल संग नजर आएंगी।

# तब्बू ने शुरू की दृश्यम 2 के गोवा शेड्यूल की शूटिंग

तब्बू ने अपनी आगामी फिल्म दृश्यम 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की शूटिंग शुरू करने की जानकारी अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर शेयर कर दी है। एक्टेस द्वारा शेयर इस तस्वीर में एक क्लैप बोर्ड नजर आ रहा है, जिसमें फिल्म का नाम और फिल्म की शूटिंग के बारे जानकारी दी गई है। इस तस्वीर को तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा, पहला दिन दृश्यम 2. जानकारी के अनुसार एक्ट्रेस ने अपनी इस सीक्वल फिल्म की शूटिंग गोवा में हुई की है। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन मुख्य भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जबकि फिल्म में श्रिया सरन और इशिता दत्ता भी नजर आने वाली हैं। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बन रही इस




फिल्म में अजय देवगन विजय सलगांवकर की भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे। वहीं, तब्बू भी अपनी इंपेक्टर ऑफ जरनल पुलिस की भूमिका को निभाती हुई नजर आएंगी। आपको बता दें कि 'दृश्यम 2' 19 फरवरी 2021 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज़ हुई मलयालम फिल्म 'दृश्यम 2' का हिंदी रिमेक होगी। मलयालम फिल्म 'दृश्यम 2' में साउथ सुपर स्टार मोहन लाल ने मुख्य भूमिका निभाई है, जिन्हें इस रोल के लिए खूब सराहाना भी मिल रही है।
बता दें कि तब्बू को मंगलवार को रिलीज हुए भूल भुलैया 2 के ट्रेलर में देखा गया था, जिसमें वो रूह बाबा को मंजुलिका के फिर से लौट आने के बारे आगाह कर रही है। बताया जा रहा कि तब्बू इस सीक्वल फिल्म में अमीशा पटेल द्वारा निभाए किरदार को निभा रही हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट को कई बार पोस्टपोन किया जा चुका है।

अजब-गजब | इस ट्रेन की स्पीड जानकर रह जाएंगे दंग

# इस देश में चलती है दुनिया की सबसे धीमी ट्रेन


आपने अब तक दुनिया की सबसे तेज चलने वाली ट्रेनों के बारे में तो सुना होगा, लेकिन आज तक दुनिया की सबसे धीरे चलने वाली ट्रेन के बारे में नहीं सुना होगा। आज हम आपको दुनिया की सबसे धीमी गति से चलने वाली ट्रेन के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसकी स्पीड लगभग साइकिल के बराबर है। दरअसल, दुनिया की सबसे धीमी गति से चलने वाली ट्रेन स्विट्जरलैंड में है। इस ट्रेन का नाम ग्लेशियर एक्सप्रेस है।

बता दें कि ग्लेशियर एक्सप्रेस ट्रेन स्विट्जरलैंड की ऊंची पहाड़ियों पर चलती है। दुनिया की सबसे धीमी गति से चलने वाली ट्रेन स्विट्जरलैंड के रमार्ट और सेंट मॉरिट्ज स्टेशनों के बीच चलती है। वैसे कहने के लिए ये एक एक्सप्रेस ट्रेन है, जिसका रफ्तार सामान्य ट्रेनों से अधिक होना चाहिए, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है क्योंकि इस ट्रेन की रफ्तार करीब 29 किलोमीटर प्रति घंटा है। यानी ग्लेशियर एक्सप्रेस लगभग 290 किलोमीटर की दूरी को तय करने में 10 घंटे में तय करती है। इसी वजह से ग्लेशियर एक्सप्रेस को दुनिया की सबसे धीमी रफ्तार वाली एक्सप्रेस ट्रेन कहा जाता है। बता दें कि ऊंची पहाड़ियों के बीच इस ट्रेन की शुरुआत साल 1930 में की गई थी। शुरुआती दिनों में ये ट्रेन केवल गर्मियों के मौसम में चलती थी, क्योंकि जिस इलाके में ये ट्रेन चलती है वहां



जबरदस्त बर्फबारी होती है। इसलिए बर्फीली पहाड़ियों में कोई आता-जाता नहीं था। उस समय इस ट्रेन में पैंसेजर डिब्बे लगाए गए थे, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत होती थी। ऊंची पहाड़ियों के बीच गुजरते हुए यात्रियों को टॉयलेट तक की सुविधा नहीं मिलती थी। हालांकि समय के साथ-साथ इसमें कई तरह के सुधार किए गए। बता दें कि वैसे धीमी रफ्तार की ट्रेन होना, कोई गर्व की बात तो नहीं है, लेकिन इसे ये दर्जा मिलने के बाद स्विस लोगों से लेकर दुनियाभर के पर्यटक इसका अनुभव लेने आने लगे हैं। ट्रेन से यात्रा के दौरान लगभग 290 किलोमीटर के रास्ते में जहां हरी-भरी या बर्फीली पहाड़ियां दिखती हैं। वहीं 91 सुरंग और 291 पुल से होकर भी ये ट्रेन गुजरती है जो हर किसी का मन मोह लेती है। पहाड़ियों से गुजरते हुए कई बार ऊंची-नीची ढलानें भी आती हैं। ऐसे में यात्रियों को खास तरह की वाइन पेश की जाती है, ताकि उन्हें पेट में दर्द या उल्टियों की शिकायत ना हो। वाकई में इस ट्रेन से सफर करना काफी रोमांच से भरा होता है। इसीलिए तमाम लोग तो इस ट्रेन में पर्यटन के लिए है सफर करते हैं उन्हें कोई काम नहीं होता और वह इस ट्रेन में जाने जाने का लुत्फ उठाते हैं।

# अमेरिकी शहर की मेयर बनी ये बिल्ली अपनी आंखों के कारण हुई थी मशहूर



किसी टाउन में मेयर की भूमिका काफी अहम होती है। शहर के लोगों को किन चीजों की जरुरत है, इस बात की जानकारी मेयर ही आला अधिकारियों को पहुंचाते हैं। बड़े अधिकारियों तक लोग नहीं पहुंच पाते। ऐसे में मेयर की भूमिका काफी इम्पोर्टेन्ट हो जाती है। लेकिन क्या हो अगर कोई बिल्ली किसी टाउन की मेयर बन जाए तो? जी हां, अमेरिकी टाउन जिसका नाम मिशिगन है, में एक बिल्ली को मेयर बनाया गया। जिंक्स नाम की ये बिल्ली शहर की एक दिन की मेयर बनी। 24 अप्रैल को टाउन के इतिहास में पहली बार किसी बिल्ली को मेयर बनाया गया। उसकी मालकिन मिया ने बताया कि जिंक्स मेयर के पद के लिए सबसे काबिल थी। उसके टिकटोक पर करीब 7 लाख 35 हजार तो इंस्टाग्राम पर चार लाख फॉलोवर्स हैं। मिया और जिंक्स की मुलाकात तीन साल पहले हुई थी। तब मिया ने अपने घर के बहार जिंक्स को बैठे देखा था। उसकी आंखें देख मिया उसकी तरफ प्रभावित हुई थी। मिया ने बताया कि जब उसकी मुलाकात जिंक्स से हुई थी तब वो सिर्फ तीन हफ्ते की थी। इसके बाद मिया जिंक्स को लेकर कैलिफोर्निया आ गई। वहां उसने नोटिस किया कि जिंक्स की आंखें और उसके पैर थोड़े अलग हैं। उसकी आंखें और पैर बाकी बिल्लियों के मुकाबले काफी बड़े थे। उसे मिया ने डॉक्टर से भी दिखलाया। डॉक्टर्स के मुताबिक, जिंक्स को कोई बीमारी नहीं है। ये सिर्फ बर्थ डिफेक्ट है। अपनी बिल्ली की तस्वीरें मिया ऑनलाइन शेयर किया करती थी। वहीं से ये वायरल हो गई। कुछ समय पहले उसने मजाक में ट्विटर पर पोस्ट किया था कि उसने कई जानवरों को मेयर बनते देखा है। वो अपनी बिल्ली को राष्ट्रपति बनाएगी। इस टव्टीट पर किसी ने मिशिगन को मेंशन किया और देखते ही देखते जिंक्स को मेयर पद के लिए चुन लिया गया। एक दिन का मेयर बनने के लिए इंसान हो या जानवर, करीब अस्सी यूरो जमा करने पड़ते हैं। मिया ने जिंक्स के लिए इस रकम को जमा किया और जिंक्स एक दिन के लिए मेयर बन गई।

# नए धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति नहीं : सीएम योगी

» सरकार ने तैयार की नयी कार्य संस्कृति, यूपी को बनाया दंगामुक्त

» अक्षय तृतीया और ईद पर करायी जाए साफ-सफाई रखे अतिरिक्त सतर्कता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कानून-व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन मोड में हैं। उन्होंने कहा कि बीते पांच वर्षों में हमने कई चुनौतियों का सामना किया। हमें एक बीमारू प्रदेश मिला था, जिसकी स्थिति बिगड़ी हुई थी। अराजकता थी और दंगों की संस्कृति थी। टीम यूपी ने लगातार प्रयास कर एक नई कार्यसंस्कृति तैयार की है। इसने साबित किया कि उत्तर प्रदेश दंगामुक्त हो सकता है। साम्प्रदायिक सौहार्द का उदाहरण बन सकता है।



यह बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि बीते दिनों रामनवमी के पर्व पर जिस प्रकार शांति व सौहार्द का माहौल रहा, वह नए उत्तर प्रदेश की पहचान बन रहा है। कुछ अराजक तत्वों व संगठनों ने हनुमान जन्मोत्सव पर कुछ गड़बड़ी करने की कोशिश की थी, उन्हें उचित जवाब दे दिया गया है। कहीं भी गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। आस्था का पूरा सम्मान है, इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है लेकिन इसका सार्वजनिक रूप से भौंड़ा प्रदर्शन कर दूसरों को परेशान किया जाए, यह स्वीकार्य नहीं है। तीन मई को अक्षय तृतीया व ईद का पर्व एक साथ संभावित है। इसके दृष्टिगत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी अतिरिक्त संवेदनशीलता से काम करें। सभी स्थानों पर साफ-सफाई कराई जाए। मुख्यमंत्री ने मंडल से लेकर तहसील स्तर तक के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान लाउडस्पीकर को लेकर भी अपनी नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि नए स्थलों पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति न दी जाये। अनावश्यक रूप से लगाये गए लाउडस्पीकर तत्काल उतार लिए जाएं।

### टॉप टेन अपराधियों की तैयार करें सूची

सीएम ने कहा कि यदि पुलिस हर माह थाने के टॉप 10 अपराधियों की सूची तैयार कर प्रभावी कार्रवाई करती रहेगी तो यह सूची हर माह बदल जायेगी और एक समय वह आयेगा, जब कोई टॉप 10 अपराधी नहीं बचेगा। सीएम ने माफिया के विरुद्ध भी सूची बनाकर कार्रवाई को और मजबूत किये जाने का निर्देश दिया।

### रोज गूंजेगी राष्ट्रभक्ति की धुन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों में राष्ट्र के प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए एक अनूठी पहल का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि हर जिले में शहीद स्मारकों, स्वाधीनता संग्राम से जुड़े स्थलों, प्रमुख धर्म स्थलों व प्रमुख पर्यटन स्थलों पर अब हर दिन पुलिस/पीएसी बैंड आधा घंटा राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों का वादन करेंगे। अधिकारियों को हर जिले में इसकी रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है।

# नकदी और गहने लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन थाने पहुंचा युवक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मोदीनगर। गाजियाबाद के मोदीनगर इलाके में एक लुटेरी दुल्हन का कारनामा सामने आया है। महिला शादी करने के बाद लाखों रुपये और गहने लेकर फरार हो गई। मामला दर्ज कर गाजियाबाद पुलिस इस लुटेरी दुल्हन की तलाश में जुट गई है।

मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव डिडौली निवासी संदीप त्यागी दिव्यांग है। उनके एक रिश्तेदार की आरोपी महिला से पहचान थी। वह महिला खुद को तलाकशुदा बताते हुए दूसरी शादी कराने के लिए लोगों से कहती थी। अपने रिश्तेदार के माध्यम से संदीप ने महिला से मुलाकात की। दोनों के बीच शादी पर सहमति बन गई। सितंबर 2021 में संदीप और महिला ने शादी कर ली। दोनों निवाड़ी के गांव मकरमतपुर सिखैड़ा में रहने लगे। इस बीच महिला अचानक गायब हो गई। इस दौरान उनके घर से जेवर व नकदी भी गायब हो गई। संदीप उसके घर पहुंचे तो महिला ने शादी की बात से ही इंकार कर दिया। संदीप के मुताबिक, आरोपित महिला ठग है और तलाक के फर्जी दस्तावेज दिखाकर अपना शिकार बनाया।

# नए और सीमा विस्तार वाले निकायों का होगा परिसीमन, बनेंगे नए वार्ड

» शासनादेश जारी, स्थानीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू

» आबादी के आधार पर बनाए जाएंगे वार्ड

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश के 56 जिलों में नए और सीमा विस्तार वाले 151 निकायों में परिसीमन होगा। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। नए 86 निकायों में नगर पंचायत 83, पालिका परिषद दो व नगर निगम एक है। सीमा विस्तार 66 वाले निकायों में नगर पंचायत 36, पालिका परिषद 21 व नगर निगम नौ हैं। निर्देश है कि इसके लिए नए सिरे से परिसीमन करते हुए वार्डों का गठन करना होगा।



अपर मुख्य सचिव नगर विकास रजनीश दुबे ने बुधवार को जिलाधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि पांच मई तक वार्डों का गठन करते हुए इसकी सूचना स्थानीय निकाय निदेशालय को दी जाएगी। वर्ष 2011 की आबादी के आधार पर गणना करते हुए वार्ड बनाने का प्रस्ताव किया जाएगा। नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के वार्डों की संख्या का निर्धारण करते हुए तीन-तीन कॉपियों का सेट तैयार किया जाएगा। स्थानीय निकाय निदेशालय जिलों से मिलने वाले प्रस्तावों के आधार पर इसकी अनंतिम अधिसूचना जारी कराते हुए इस पर आपत्तियां मांगने के बाद इसका अंतिम प्रकाशन कराएगा।


### इन जिलों में नए सिरे से होगा परिसीमन

जालौन, ललितपुर, शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, देवरिया, कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रुखाबाद, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, संतरविदास नगर, सोनभद्र, बांदा, महोबा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सहारनपुर, बहराइच, बलरामपुर, वाराणसी, जौनपुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, आंबेडकरनगर, अमेठी, बलिया, मऊ, आजमगढ़, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, एटा, हाथरस, अलीगढ़, कुशीनगर, गोरखपुर, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी और लखनऊ।

# लखनऊ में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार दो छात्राओं समेत 18 संक्रमित

» अलीगंज में मिले सबसे अधिक मरीज, सक्रिय मरीजों को आंकड़ा 81 पहुंचा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी में कोरोना के मामले फिर बढ़ने लगे हैं। बुधवार को राजधानी लखनऊ में 18 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। बीते दिनों लामार्टिनियर गर्ल्स स्कूल में दो छात्राओं में संक्रमण मिलने के बाद कल हजरतगंज के कैथेड्रल स्कूल और इंदिरानगर के दिल्ली पब्लिक स्कूल की एक-एक छात्राओं में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है।

राजधानी में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 81 पर पहुंच गई है। सभी संक्रमित होम आइसोलेशन में है। इसके अलावा सात व्यक्ति संक्रमण से स्वस्थ भी हुए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रवक्ता योगेश रघुवंशी के अनुसार, संक्रमित पाए गए व्यक्तियों में अलीगंज क्षेत्र में छह लोग संक्रमित मिले हैं। कैसरबाग में चार, आलमबाग में तीन, चिनहट में तीन, मोहनलालगंज में एक और रेडक्रास में एक व्यक्तियों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। कैथेड्रल स्कूल कक्षा नौ की छात्रा में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद उसके संपर्क में आए 57 छात्र-छात्राओं शिक्षकों और परिवार के सदस्यों की जांच की गई है। दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा में संक्रमण की पुष्टि हुई है। उसके संपर्क में आए 45 लोगों की कोरोना की जांच हुई है। सैनिटाइजेशन के लिए दो दिनों तक स्कूलों को बंद रखा जाएगा।

# पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी के छह बैंक अकाउंट सीज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मेरठ। बसपा सरकार के पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी द्वारा पुलिस के नोटिस का जवाब नहीं देने पर पुलिस ने बुधवार को फैक्ट्री और दोनों बेटों के छह बैंक अकाउंट को सीज करा दिया। साथ ही याकूब कुरैशी, उनकी पत्नी व बेटों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कोतवाली स्थित घर पर दबिश दी।



एसपी देहात केशव कुमार ने बताया कि अल फहीम मीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड में बिना अनुमति के पैकेजिंग और प्रोसेसिंग करने के मामले में 22 अप्रैल को फैक्ट्री पर नोटिस चस्पा किया गया था। नोटिस में फैक्ट्री में आने वाले पशुओं से संबंधित प्रमाण पत्र और सैनिटाइजेशन के अलावा कई बिंदुओं पर जवाब देने को कहा गया था। पूर्व मंत्री की ओर से इसका कोई जवाब नहीं दिया गया।

» गिरफ्तारी को दी जा रहीं दबिशें

इसके बाद पुलिस ने अल फहीम मीटेक्स प्राइवेट लि. के दो खाते, याकूब के बेटे इमरान के तीन खाते व दूसरे बेटे फिरोज का एक खाता सीज करा दिया। इन खातों में 68 लाख रुपये की रकम बताई जा रही है। वहीं, किठौर पुलिस ने याकूब कुरैशी, उनकी पत्नी और दोनों बेटों को पकड़ने के लिए सराय बहलीम स्थित उनके घर पर दबिश दी। हालांकि पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा।

# वरिष्ठ नेताओं के दबाव में कांग्रेस में नहीं हुई पीके की एंट्री!

» खुद को राजनीतिक तौर पर स्थापित करना चाहते हैं प्रशांत

» 4पीएम की परिचर्चा में प्रबुद्धजनों ने किया मंथन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। आखिरकार कांग्रेस और प्रशांत किशोर में गठबंधन नहीं हुआ। बात नहीं बनी। पीके के कांग्रेस में शामिल न होने से सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक वानखेड़े, समीरात्मज मिश्रा, सतीश के सिंह, डॉ. उत्कर्ष सिन्हा, प्रो. जितेंद्र मीना और 4पीएम के संपादक संजय शर्मा ने एक लंबी परिचर्चा की।

डॉ. उत्कर्ष सिन्हा ने कहा, पीके में बीते एक-डेढ़ सालों से एक खास तरह की बेचैनी दिख रही है। सात-आठ चुनाव लड़ाने के बाद अब वे खुद को राजनीतिक रूप में स्थापित करना चाहते हैं। पीके की सबसे बड़ी कला है किसी भी चीज को हाइट देना। कांग्रेस संघर्ष कर रही है आज। पीके ने कांग्रेस को फॉमूले भी बताए मगर किन वजहों से बात नहीं बनी, यह अभी चर्चा का विषय है।





समीरात्मज मिश्रा कहते हैं कि पीके के पार्टी में न शामिल होने पर कांग्रेसियों ने कहा कि बाल-बाल बच गए क्योंकि वे जानते हैं कि ये आदमी आते ही सारी चीजें अपने हाथ में ले लेगा। पीके ने जिसके साथ काम किया हो, उसे ब्रांड बना दिया। मोदी उदाहरण है। बंगाल चुनाव परिणाम सबने देखे। तो पीके यूं नहीं जाने जाते, वे भी एक ब्रांड की तरह है। उनकी एंट्री नहीं हो पाई तो कांग्रेस में वरिष्ठ नेताओं का दबाव काम आया है।

परिचर्चा
रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा

सतीश के सिंह ने कहा, कांग्रेस पिछले चालीस साल से नीचे जा रही है। हालांकि बीच-बीच में रिजल्ट अच्छे आए भी हैं। आजकल पीके का मसला अहम है। पीके की एंट्री नहीं हुई तो तुरंत ही सिद्धू ने उनके साथ की फोटो ट्वीट कर दी। कहीं राहुल और प्रियंका के लोग आपस में कहीं भिड़ तो नहीं गए, एक पक्ष चाहता है कि आ जाए, तो दूसरा चाहता है कि नहीं आए। ये माजरा कुछ अलग है। पीके की उपयोगिता तो है। मगर बीते छह-सात दिन से जो हो हल्ला हो रहा, और ट्वीटर पर ही बात समाप्त हो जाती है। अशोक वानखेड़े ने कहा कि अभी पीके का प्रेजेंटेशन हुआ, उसमें एक बात निकलकर सामने आई कि राहुल इज फेलियर। राहुल मीटिंग से उठकर चले गए, फिर नहीं आए। यही तय हो गया था कि पीके की एंट्री अब मुश्किल है। अब सब ये कह रहे कि पीके प्रोफेशनल आदमी है। प्रो. जितेंद्र मीना ने भी परिचर्चा में विचार रखे।

# सियासी नाराजगी : चाचा-भतीजे में चल रहा वार-पलटवार

## चाचा को लेने में देर क्यों कर रही बीजेपी : अखिलेश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और विधायक शिवपाल यादव के बीच दूरी बढ़ती ही जा रही है। दोनों नेता एक-दूसरे पर वार-पलटवार कर रहे हैं। कल मैनपुरी में एक कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने पहले तो बसपा प्रमुख पर निशाना साधा और उसके बाद शिवपाल यादव को लेकर भी बड़ा बयान दिया। एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा चाचा को साथ लेने में देर क्यों कर रही है। जल्दी शामिल करना चाहिए।

नेता विरोधी दल व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि क्या मायावती को भाजपा राष्ट्रपति बनाएगी। चुनाव में बसपा का वोट तो हासिल कर लिया है। भाजपा सरकार लगातार बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी को नहीं रोक पा रही है। अगर मैनपुरी और एटा के बीच सपा सरकार में बना बिजली कारखाना सरकार चालू करा दे तो प्रदेश में बिजली का संकट समाप्त हो जाएगा।



### सपा आजम के साथ

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी आजम खां के साथ है। जरूरत होगी तो मैं खुद भी मिलने जाऊंगा। आजमगढ़ और रामपुर के लोग ही तय करेंगे कि लोकसभा के लिए उनका प्रत्याशी कौन होगा। समान नागरिक संहिता के संबंध में उन्होंने कहा कि सपा इसका विरोध करेगी। मैनपुरी में पूर्व एमएलसी से संगठन और चुनाव के संबंध में जानकारी ली। संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क करने को कहा।

प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है। प्रयागराज में कई लोगों की हत्या हो गई है। बांदा में भाजपा की नेता ने फांसी लगा ली। नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा कि जब बुलडोजर किसी भाजपा नेता के यहां चलता है तो उसको कई गुना मुआवजा दिया जाता है। जब गरीब के यहां चलता है तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाती है। सरकार लोगों को जरूरत के मुताबिक बिजली नहीं दे पा रही है। सपा का वोट प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। समाज के हर वर्ग के लोग सपा में भरोसा जता रहे हैं। अखिलेश बोले कि भाजपा शासन में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है।

## मुझसे दिक्कत है तो सपा से निकाल दो : शिवपाल

### बयान को बताया गैर जिम्मेदाराना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने अखिलेश के भाजपा में चले जाने वाले बयान पर पलटवार किया है। इटावा में उन्होंने इसे गैर जिम्मेदाराना बयान बताया है। शिवपाल ने कहा कि सपा के 111 विधायक हैं। उनमें से एक वे भी हैं। यदि सपा उन्हें भाजपा में भेजना चाहती है तो निकाल क्यों नहीं देती।

**आजम के साथ हो रहा है जुल्म**

शिवपाल ने कहा कि आजम खां सपा के सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। सांसद और राज्यसभा सदस्य भी रहे। उनके साथ जुल्म हो रहा है। जब वे लोकसभा सदस्य थे तो उनके ऊपर हो रहे जुल्म के खिलाफ समाजवादियों को लोकसभा और विधानसभा में धरने पर बैठ जाना चाहिए था। नेताजी मुलायम सिंह यादव को भी धरने में शामिल करते। शिवपाल ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेताजी मुलायम सिंह यादव का सम्मान करते हैं। अगर नेताजी आंदोलन में शामिल होते तो जरूर आजम खां के साथ न्याय होता। आज उन पर छोटे-छोटे 72 मुकदमे हैं। एक छोटे केस में चार महीने से जमानत नहीं मिल रही और फैसला रिजर्व रखा है। जुल्म और अत्याचार के खिलाफ समाजवादियों के संघर्ष का इतिहास रहा है। अब यह संघर्ष कहीं दिखायी नहीं देता। शिवपाल यही नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय बताएगा कि क्या सही क्या गलत। सही समय पर उचित निर्णय लूंगा। फिलहाल किसी के बहकावे में भी मैं नहीं है।

## लाटूश रोड पर नालियों के ऊपर बनीं अवैध दुकानें हटेंगी : महापौर

### रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी की महापौर संयुक्ता भाटिया ने आज रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान पीली मस्जिद के पास गंदगी पाए जाने पर सुपरवाइजर अकरम का सात दिनों का वेतन काटने के निर्देश महापौर ने जोनल सेनेटरी ऑफिसर को दिए। साथ ही लाटूश रोड स्थित पीली मस्जिद द्वारा नालियों पर अवैध रूप से कब्जा कर नालियों पर दुकानें बनाकर किराए पर उठाने को लेकर नाराजगी जताते हुए सात दिन का नोटिस देने के बाद अवैध दुकानों को तोड़ने के निर्देश दिए।

यहीं नहीं, महापौर ने आज बारिश से पूर्व शहर में स्वास्थ्य विभाग, अभियंत्रण विभाग और आर आर विभाग द्वारा साफ होने वाले नालों पर नगर आयुक्त संग समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने नाला सफाई कराने के लिए समस्त विभागध्यक्षों को निर्देशित किया। साथ ही महापौर ने कहा कि नाला सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। नाला चोक होने के कारण यदि जलभराव होता है तो संबंधित इंजीनियर अथवा अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। महापौर ने यह भी कहा बड़े नालों में कर्मचारी बिना सेफ्टी किट के न उतारे जाए।

वहीं कल महापौर ने हिन्द नगर वार्ड के सेक्टर डी, बारबिरवा, पिकेडली रोड, फीनिक्स मॉल रोड, मानसरोवर मार्केट आदि



क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर को सेक्टर डी में नालियों में सिल्ट जमा मिली, जिस पर महापौर ने एसएफआई को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कुष्ट आश्रम के पास सफाई नही होने पर नाराजगी जाहिर की। सफाई का अलबत्ता यही हाल महापौर के निरीक्षण में हर जगह मिला। इससे आहत महापौर ने एसएफआई कुलदीपक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।



## बाराबंकी में पर्यटन को बढ़ावा देंगे 75 तालाब : केशव मौर्य

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। बाराबंकी सहित प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 75 तालाबों को अमृत सरोवर बनाकर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का आदेश उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिए हैं। वह ग्राम्य विकास अभिकरण में अधिकारियों से विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दो हेक्टेयर से बड़े तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित कराकर पर्यटन स्थल बनाएं।

उन्होंने अतिक्रमण हटाने के नाम पर किसी गरीब की झोपड़ी न हटाने के आदेश दिए। कहा, तालाब के किनारे किसी की झोपड़ी हो तो उसे दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराएं और अन्य अतिक्रमण को तत्काल हटवाएं। उन्होंने तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने व अमृत सरोवर के रूप विकसित करने, जिले की दस पंचायतों को विकास कार्यों का माडल बनाने और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देकर अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सीडीओ से उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस-दस ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और कुछ अच्छे बीडीओ चिन्हित कर उन्हें सम्मानित करने को कहा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से पशुओं को गो आश्रय केंद्र पर पहुंचाने और केंद्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए।

## मंत्री ने फूड इंस्पेक्टर को दिया नोटिस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



गोरखपुर। कोटेदारों को कम अनाज देने का खेल उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपनी आंखों से देख लिया। सहजनवां के मंडी समिति स्थित खाद्य विभाग के गोदाम से कोटेदार को भेजे जा रहे अनाज को मंत्री ने अपने सामने उतरवाया तो डेढ़ बोरा अनाज कम मिला।

तकरीबन 70 किलोग्राम अनाज कम मिलने पर राज्यमंत्री ने नाराजगी जताई। मंत्री ने अपने सामने तौल कराई तो भी अनाज कम मिला। इसके बाद सहजनवां के फूड मार्केटिंग इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान सहजनवां में उन्होंने खाद्य विभाग के गोदाम और क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। यहां जांच में डेढ़ बोरी अनाज कम मिला। गोदाम के निरीक्षण में कांटा न मिलने पर राज्यमंत्री ने नाराजगी जताई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।